तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 9 मई 2026

11 हितग्राहियों को मिले आधुनिक उपकरण



12 लोगों ने जो सम्मान और स्नेह दिया उन्हें शब्दों मे पिरोना असंभव : जयदेव





# सरकार का जनता से सीधे संवाद का सशक्त माध्यम 'समाधान शिविर' : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर निगम क्षेत्र में रोटरी क्लब में शुक्रवार को आयोजित सुशासन तिहार में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि हमारी सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता हो। सरकार जनता के लिए सतत् कार्य कर रही है। समाधान शिविर में जनता की समस्या का त्वरित समाधान हो रहा है। देव ने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदनों का निराकरण जिस तेजी के साथ किया गया यह सतत रूप से जारी रहेगी। सरकार इस दिशा में लगातार सार्थक प्रयास करेगी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष देव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मंत्रीगण सरकार की इस सुशासन को शहर से गांव तक पहुंचाने के लिए भरी दुपहरी में गांवों में जाकर चौपाल लगाकर जनता से सीधे मुखातिब हो रहे हैं। उनकी समस्या निदान करने सहित जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा भी ले रहे हैं।

**समस्याओं का हो रहा निराकरण :** सांसद महेश कश्यप ने कहा कि हमारी सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे उस लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। विकास कार्य लगातार हो रहे हैं। सुशासन तिहार में जनता के जुड़े मामले का तत्काल निराकरण किया जा रहा है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को मिलें हमारा उद्देश्य है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच है सभी वर्गों का विकास हो।

### सुशासन तिहार में विधायक, सांसद एवं महापौर हुए शामिल

#### 25 मई तक लगेंगे शिविर

महापौर संजय पांडे ने सुशासन तिहार के अंतर्गत जनता की समस्या-मांगों के निराकरण के बारे में अवगत कराया और इस दिशा में निरंतर सजग होकर पहल करने आश्वस्त किया। सरकार जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। समाधान शिविर में जनता की समस्या का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व उप मुख्यमंत्री अरूण साव संवेदनशील होकर जनता के समस्याओं का समाधान कर रही है। नगर निगम क्षेत्र में 8 मई से 25 मई तक 6 स्थानों में शिविर लगाया जाएगा।




#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवागन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, योगेन्द्र पांडे, संग्राम राणा, लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रंधारी, संजय विश्वकर्मा, पार्षद पारुल बोथरा, आलोक अवस्थी, गौतम पानीग्राही, जाहिद हुसैन, पूनम सिन्हा, कुबेर देवांगन, आशा साहू, राधिका यादव, निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं नागरिक मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### बिना हेलमेट दोपहिया वाहन की डिलीवरी पर होगी कार्रवाई

**जगदलपुर।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय बस्तर संभाग ने अब सख्त रुख अपना लिया है। हाईवे सहित सभी प्रमुख मार्गों पर मोटरसाइकिल चालक के साथ-साथ पीछे बैठे सवार के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में मोटरयान अधिनियम 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत कड़े प्रावधान किए गए हैं, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने पर धारा 194(घ) के तहत भारी अर्थदंड वसूलने की चेतावनी दी गई है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों में विशेष रूप से उन शोरूम संचालकों को आगाह किया गया है जो पूर्व में जारी आदेशों की अवहेलना करते हुए बगैर हेलमेट के वाहनों की डिलीवरी कर रहे हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 129, केंद्रीय मोटरयान नियम 1989 के नियम 34 से 44 और छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 213 के तहत यह अनिवार्य है कि वाहन की डिलीवरी के समय सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा जाए।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव से आम आदमी की जेब पर डाका

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली दरों में प्रस्तावित भारी बढ़ोतरी की कड़ी निंदा की है। कंपनी ने राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए औसतन 20-24 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है, जिससे बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ की जनता पर महंगाई का नया बोझ पड़ेगा। भाजपा सरकार पहले आधा बिजली बिल का ढोंग रचती थी, लेकिन अब सत्ता में आते ही जनता की जेब काटने पर उतर आई है। बस्तर के आदिवासी भाई-बहन, किसान, छोटे व्यापारी और मध्यम वर्गीय परिवार पहले से महंगाई, बेरोजगारी और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं।



### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में मनाया विश्व रेडक्रास दिवस

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में शुक्रवार को विश्व रेडक्रास दिवस मनाया गया। विश्व रेडक्रॉस दिवस मानवता सेवा एवं समर्पण का प्रतीक है, इसका मुख्य उद्देश्य आपदा एवं कठिन समय में जरूरदमंद लोगों को सहायता प्रदान करना है। इसमें सुषमा विंग्स द्वारा केंसर के संबंध में 100 से अधिक मितानीन एवं स्वास्थ्य कर्मियों की कार्यशाला एवं जागरुकता संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही साथ केंसर जागरूकता से संबंधित संक्षिप्त किताब एवं फिल्प कार्ड वितरण की गई।

## बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र की है समर्पित नक्सली

# बस्तर में सक्रिय महिला नक्सली ने आंध्र के एटापाका में किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- डीकेएसजेसी पार्टी मेंबर ने अधिकारियों की मौजूदगी में मुख्यधारा में हुई शामिल

डीकेएसजेडसी की महिला मेंबर ने शुक्रवार को आंध्रप्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले के येतापाका सुरक्षा कैंप में आत्मसमर्पण कर दिया। यह महिला नक्सली बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के कमलापुरम गांव की निवासी है।

जानकारी के मुताबिक बीजापुर जिले की एक सक्रिय महिला नक्सली ने आंध्रप्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले के येतापाका सुरक्षा कैंप में आत्मसमर्पण कर दिया। यह महिला नक्सली उसूर थाना क्षेत्र के ग्राम कमलापुरम की निवासी है। सीआरसी, पीएलजीए बटालियन, डीकेएसजेडसी की महिला पार्टी सदस्य पोडियम लक्ष्मी उर्फ लक्ष्मी पति स्व. पाला ने आंध्र पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। शुक्रवार को महिला नक्सली सदस्य ने अल्लूरी सीताराम राजू जिले के एएसपी आपरेशन पंकज मीणा के समक्ष आत्मसमर्पण किया। पोडियम लक्ष्मी बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के पोस्ट कमलापुरम अंतर्गत ग्राम सिंगम्मोटु की निवासी है। आत्मसमर्पण का कारण बताते हुए पोडियम लक्ष्मी ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस की बढ़ती कार्रवाई और नए पुलिस कैंपों की स्थापना से नक्सलियों की गतिविधियां सीमित हो गई हैं ⏭ शेष पेज 10 पर




### अबूझमाड़ के तोके जंगल में नक्सलियों का डम्प बरामद

**नारायणपुर।** अबूझमाड़ के तोके के घने जंगलों में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। बीएसएफ एवं पुलिस बेस कैंप तोके के जवानों द्वारा चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखा गया हथियार, गोला-बारूद और आईईडी सामग्री का बड़ा डम्प बरामद किया गया है। बरामद सामग्री में .315 राइफल, 12 बोर राइफलें, बैरल ग्रेनेड लॉन्चर, जिंदा कारतूस, विस्फोटक सामग्री, ⏭ शेष पेज 10 पर



### तेंदूपत्ता तोड़ते समय महिला को सांप ने डसा

**भोपालपटनम /मददेड़।** बीजापुर जिले के भोपालपटनम तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत वंगापल्ली में तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान 38 वर्षीय महिला को जहरीले सांप ने डस लिया, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

- पीड़िता प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर

जानकारी के मुताबिक ग्राम मुत्तापुर निवासी सुशीला गुरला गुरुवार को ग्रामीणों के साथ जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई थीं। इस दौरान अचानक एक अत्यंत विषैले सांप जिसे स्थानीय भाषा में पेंजर रसेल वाइपर कहा जाता है, ने उनके पैर में डस लिया। घटना के तुरंत बाद महिला की तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी, जिससे जंगल में मौजूद अन्य ग्रामीणों के बीच अफरा-तफरी मच गई।

**जिला अस्पताल रेफर :** परिजनों ने बिना समय गंवाए सुशीला को नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार तो दिया गया, लेकिन जहर के बढ़ते असर और महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल बीजापुर रेफर कर दिया है।

#### सीजन में बढ़ा खतरा

गौरतलब है कि पिछले दो दिनों से क्षेत्र में तेंदूपत्ता की तुड़ाई का काम जोर-शोर से चल रहा है। ग्रामीण सुबह-सवेरे घने जंगलों में जाते हैं, जहाँ घास और पत्तों के बीच छिपे इन जहरीले सांपों का खतरा सबसे अधिक होता है।

## बधियाकरण से आवारा कुत्तों की संख्या में होगी कमी : महापौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर निगम क्षेत्रांतर्गत में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा एनीमल बर्थ कंट्रोल योजना के तहत विशेष बधियाकरण अभियान की शुरुआत शीघ्र की जाएगी। जिसके तहत शहर के समस्त 48 वार्डों में आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर उनका बधियाकरण किया जाएगा। इसका निरीक्षण करने महापौर संजय पांडेय पूरे टीम के साथ कंगोली स्थित सर्व सुविधायुक्त एबीसी सेंटर पहुंचे।

- नगर निगम शीघ्र शुरू करेगा आवारा कुत्तों का बधियाकरण अभियान

नगर निगम प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण कार्य के संचालन की जिम्मेदारी चंडीगढ़ की विशेषज्ञ संस्था स्नेह एनीमल वेलफेयर सोसायटी को सौंपी है। एजेंसी की विशेषज्ञ टीम नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को चरणबद्ध तरीके से पूरा करेगी। इसके लिए सर्वप्रथम एक टीम गठित की गई है। जिसके नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज को बनाया गया है। इसके अलावा कमेटी में हेमंत श्रीवास, डा. गीतिका ध्रुव, डॉ. अजय बनिक, लुप्तेश जगत को रखा गया है। नगर निगम द्वारा इस अभियान को व्यवस्थित एवं बिना किसी गतिरोध के संचालित करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारिया की गई हैं। अभियान की नियमित मॉनिटरिंग निगम के अधिकारी करेंगे। वहीं अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए 10 कर्मचारियों की विशेष टीम तैनात की गई है, ⏭ शेष पेज 10 पर



### बिना त्रिपाल चल रहे 63 वाहनों पर कार्रवाई, 1.26 लाख का किया जुर्माना

**जगदलपुर।** परिवहन विभाग ने अंतरराज्यीय सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर सीमावर्ती राज्यों से आने वाले 662 वाहन नियमों का उल्लंघन करते मिले, जिन पर 15 लाख 63 हजार 500 रुपए का जुर्माना किया गया। इस कार्रवाई में अवैध संचालन, कर चोरी और परमिट नियमों के उल्लंघन के मामलों में भारी जुर्माना वसूला गया। यह अभियान सड़क सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए बस्तर जिले के सीमावर्ती राज्य के धनपूंजी स्थित बेरियर में चलाया गया। मुख्य रूप से सीमावर्ती राज्यों आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश से आने वाले यात्री वाहन, माल वाहक और निजी वाहन शामिल है। इसमें अवैध संचालन, बिना ⏭ शेष पेज 10 पर

- बेरियर में 953 वाहनों से 24.23 लाख का वसूला समझौता शुल्क

### पनारापारा में दूसरे दिन फिर मिला अज्ञात अधेड़ का शव



**जगदलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के पनारापारा स्थित राजामठ के करीब इन्द्रावती नदी में शुक्रवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। मछुआरों की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज भिजवाया है। इससे पूर्व गुरुवार सुबह भी एक अधेड़ का शव इसी इलाके में बरामद किया गया था। लगातार दूसरे दिन इसी इलाके में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह मछली पकड़ने इन्द्रावती नदी गए कुछ मछुआरों ने झाड़ियों में शव को फंसे देखा और इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को ⏭ शेष पेज 10 पर






# प्लास्टिक बाल में प्रेस क्लब, पीपीएल-4 क्रिकेट स्पर्धा में फरसगांव फाइटर चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर के हाईस्कूल मैदान में यूथ स्पोर्ट क्लब द्वारा आयोजित प्लास्टिक बॉल एवं पीपीएल-4 क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रेस क्लब व फरसगांव फाइटर क्रमशः चैम्पियन बनीं। स्पर्धा का गुरुवार देर रात भव्य समापन हुआ। रात करीब 1 बजे तक चले फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और नगरवासी मौजूद रहे।

प्लास्टिक बॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में प्रेस क्लब और जूनियर वायएससी टीम आमने-सामने रही। मुकाबले में प्रेस क्लब ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 15 हजार रुपए नकद एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता जूनियर वायएससी टीम को 10 हजार रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। विजेता टीम को पुरस्कार केवी जनरल स्टोर संचालक मोहम्मद फिरोज द्वारा वितरित किया गया।

## विजेता और उपविजेता को पुरस्कार में दिया गया नकद व ट्राफी



### इनकी रही उपस्थिति

समापन समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, मोहम्मद फिरोज, पार्षद विनोद पांडे, भागेश नेताम, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा, पूर्व उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल, गायता, पुजारी, पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी और क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।

वहीं पीपीएल-4 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में मुरनार टाइगर और फरसगांव फाइटर के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। फरसगांव फाइटर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को 77,777 रुपये नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। उपविजेता मुरनार टाइगर टीम को 44,444 रुपये एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त फरसगांव इंडियन टीम को 22,222 रुपये एवं ट्रॉफी तथा चतुर्थ स्थान पर रही बिरसा मुंडा टीम को 11,111 रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिए भी सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार स्वर्गीय विनोद बाजपेयी की स्मृति में श्रीमती साधना वाजपेयी द्वारा 3500 रुपये एवं ट्रॉफी के साथ प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप



### एसपी ने किया रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने दिया 20 यूनिट रक्त

**कोण्डागांव।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर गुरुवार को जिला अस्पताल कोंडागांव में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पुलिस और आईटीबीपी के जवानों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। रक्तदान शिविर में पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल ने रक्तदान कर अधिकारियों और जवानों को प्रेरित किया। उनके नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। शिविर में कोंडागांव पुलिस के 14 अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा आईटीबीपी 29वीं वाहिनी कोंडागांव के 6 जवानों ने रक्तदान किया। इस दौरान कुल 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित होगा। रेडक्रॉस सोसायटी शाखा कोंडागांव की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सोसायटी के पदाधिकारियों ने पुलिस और आईटीबीपी के सहयोग की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता की अपेक्षा जताई।रक्तदान के बाद पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है। विश्व रेडक्रॉस दिवस के इस अवसर पर पुलिस के जवानों ने बढ़–चढ़कर भाग लेकर समाज सेवा की मिसाल पेश की है।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के वारिसों को 24 लाख की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 6 प्रकरणों में वारिसों को कुल 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। बड़ेराजपुर तहसील के खलारी निवासी अघनसिंह की गाज गिरने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी लीलाबाई को 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई। धनोरा तहसील के ग्राम तोड़ासी निवासी रतन की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी सुगन्तीन को सहायता दी गई। फरसगांव तहसील के ग्राम बड़गई निवासी घस्सू की डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी मनाय एवं पुत्र अस्सीराम को सहायता राशि स्वीकृत हुई। कोण्डागांव तहसील के ग्राम बाखरा निवासी मनकी बाई विश्वकर्मा की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पति रामसाय विश्वकर्मा को राहत राशि दी गई। मर्दापाल तहसील के ग्राम मोहलई निवासी सरादू की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पत्नी चमेली को 4 लाख रुपए स्वीकृत किए गए। कोण्डागांव तहसील के ग्राम सुकुरपाल निवासी गुनगुन कश्यप की सर्पदंश से मृत्यु होने पर माता अंजली कश्यप एवं पिता मानसिंह कश्यप को सहायता राशि प्रदान की गई। कलेक्टर कार्यालय द्वारा संबंधित तहसीलदारों को निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत सहायता राशि वारिसों के बैंक खातों में शीघ्र हस्तांतरित की जाए।

## सुशासन तिहार में जनसमस्याओं के शत–प्रतिशत निराकरण पर जोर

# ग्राम पंचायतों में मनाया 'आवास दिवस' 'रोजगार दिवस' और 'चावल महोत्सव'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले की ग्राम पंचायतों में 7 मई को 'सुशासन तिहार' अंतर्गत वृहद जनअभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'चावल महोत्सव' के साथ–साथ 'रोजगार दिवस' एवं 'आवास दिवस' का आयोजन कर ग्रामीण विकास योजनाओं को गति देने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना, ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा आवास एवं रोजगार से जुड़े लंबित प्रकरणों का ग्राम पंचायत, विकासखंड एवं जिला स्तर पर शत–प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करना रहा।

■ ग्रामीण विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण एवं अन्य आवासीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार की गई। इसके अंतर्गत समय–सीमा में आवास निर्माण पूर्ण कराने, आजीविका गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग के जरिए पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया।




रोजगार दिवस के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। प्रगतिरत कार्यों को 15 जून तक पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ ग्रामीणों की मांग के अनुरूप नए कार्यों की स्वीकृति पर चर्चा की गई। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने हेतु प्रेरित किया गया। "मोर गांव – मोर पानी" अभियान के तहत जल संरक्षण गतिविधियों को जनभागीदारी से जोड़ने पर भी जोर दिया गया।

### आजीविका संवर्धन और डिजिटल पारदर्शिता की पहल



आजीविका डबरी निर्माण के माध्यम से बहुआयामी आजीविका योजनाओं को बढ़ावा देने की दिशा में कार्ययोजना तैयार की गई, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय के स्रोतों में वृद्धि हो सके। साथ ही, स्व–सहायता समूहों से जुड़ी महिला सदस्यों को सम्मान और पहचान दिलाने के उद्देश्य से नागरिक सूचना पटल पर उनके नाम प्रमुखता से अंकित करने की जानकारी दी गई। पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए मनरेगा एवं पीएम आवास योजना के कार्यों की जानकारी क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध कराने की पहल भी की गई। अमृत सरोवरों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर नागरिक योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है।

## यातायात नियम तोड़ने वाले 29 वाहन चालकों पर कार्रवाई



**कोण्डागांव।** सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कोंडागांव पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल भा.पु.से. के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के तहत नो एंट्री, रॉन्ग साइड, नो पार्किंग और बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 29 वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से कुल 10,500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस की टीम जिलेभर में सघन चेकिंग अभियान चला रही है। अभियान के दौरान विशेष रूप से नो एंट्री में प्रवेश करने, गलत दिशा में वाहन चलाने, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने और बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस कोंडागांव ने आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें।

## राजमिस्त्री एवं मजदूर कल्याण संघ ने सौंपा ज्ञापन, मांगा भवन निर्माण के लिए पट्टा

**फरसगांव।** राजमिस्त्री एवं मजदूर कल्याण संघ जिला कोंडागांव ने शुक्रवार को स्थानीय रेस्ट हाउस में प्रदेश के श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा को श्रमिकों एवं निर्माण कार्यों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। संघ ने शासन से मांग करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाने, स्थानीय श्रमिकों को रोजगार देने और मजदूरों के हितों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। संघ ने कोंडागांव जिले के अन्य ब्लाकों के लिए भवन, बाउंड्रीवॉल और आरक्षित भूमि के स्थाई पट्टे की मांग की गई है । जिसमे केशकाल ब्लाक के लिए सामुदायिक भवन, बाउंड्रीवॉल और शौचालय निर्माण की मांग की। माकड़ी ब्लॉक के लिए भवन और बाउंड्रीवॉल की मांग की गई। फरसगांव ब्लॉक में राजमिस्त्री को मजदूरों के लिए भवन की मांग, राजमिस्त्री एवं मजदूर संघ के कार्यालय हेतु आरक्षित भूमि के स्थायी पट्टे की मांग की गई। संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि शासकीय निर्माण कार्यों में लगने वाली राशि, विभाग, मद तथा मजदूरी राशि का पूरा विवरण कार्यस्थल पर सूचना पटल के माध्यम से प्रदर्शित किया जाए, ताकि आम लोगों और श्रमिकों को जानकारी मिल सके। ज्ञापन में जिले में संचालित निर्माण कार्यों एवं योजनाओं में स्थानीय श्रमिकों और हितग्राहियों को प्राथमिकता देने की मांग की गई। साथ ही योजना के आवेदन के बाद विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा हितग्राहियों को स्वीकृति एवं आवेदन संबंधी संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही गई।



संघ ने शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी आवेदन प्रक्रिया सहित श्रमिकों तक पहुंचाने की मांग भी रखी। इसके अलावा ठेकेदारों द्वारा कार्य कराने के बाद मजदूरी भुगतान में हो रहे विलंब को गंभीर समस्या बताते हुए समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। कार्य के दौरान दुर्घटना में घायल अथवा मृत श्रमिकों को शासन से मिलने वाली सहायता राशि में वृद्धि करने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में गरीब वर्ग के निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों एवं राजमिस्त्रियों के लिए कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने हेतु सरल योजना शुरू करने की मांग भी शामिल रही।



## पतोड़ा में ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**फरसगांव।** बस्तर संभाग अंतर्गत शासन की महत्वपूर्ण योजना "बस्तर मुन्ने" के तहत विकासखंड फरसगांव के ग्राम पतोड़ा में शुक्रवार को ग्राम स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत पतोड़ा की सरपंच श्रीमती शांति नेताम, उपसरपंच सकरूराम नाग, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अश्वन कुमार पुसाम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेंद्र नेताम, तहसीलदार डॉ. जय कुमार नाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, बिहान/राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग, उद्यानिकी विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बिहान एवं महिला स्व-सहायता समूह की दीदियां, लखपति दीदी, वार्ड पंच, ग्रामवासी तथा विभागीय कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिविर का सफल संचालन एसडीएम फरसगांव के निर्देशन में किया गया।

## बहीगांव में जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर, हितग्राहियों को बांटी गई सामग्री

**केशकाल।** सुशासन तिहार में विकासखंड के ग्राम बहीगांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम रहे। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मरकाम, जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग, श्रीमती चरनतीन नेताम सहित अन्य पंचायतों के सरपंच,नगर अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी व जनप्रतितिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक टेकाम ने कहा कि सुशासन तिहार प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित एक जनकल्याणकारी और संवेदनशील पहल है। उन्होंने अधिकारियों से आम नागरिकों की समस्याओं एवं भावनाओं को समझते हुए शिविर में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में किसानों को धान खरीदी योजना का लाभ मिल रहा है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि से आर्थिक सहायता मिल रहा है। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के माध्यम से दूरस्थ अंचलों में परिवहन सुविधा उपलब्ध होने से ग्रामीणों का विकासखंड एवं जिला मुख्यालय तक आवागमन सुगम हुआ है। उन्होंने युवाओं से शासन की योजनाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार अपनाने और दूसरों को रोजगार उपलब्ध कराने की अपील की। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संदेश भी दिया। संचालन लोकेश गायकवाड़ व्याख्याता ने किया।



### किसानों को मिली डिजिटल किसान किताब

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 24 हितग्राहियों को आवास पूर्ण होने पर प्रतीकात्मक चाबी प्रदान की गई। श्रम विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को श्रम पंजीयन कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा 10 डिजिटल किसान किताब एवं 19 बी-1 वितरित किए गए। मत्स्य विभाग द्वारा 03 हितग्राहियों को जाल, समाज कल्याण विभाग द्वारा 01 व्हीलचेयर, 01 श्रवण यंत्र एवं 01 बैसाखी प्रदान की गई। कृषि विभाग द्वारा 05 किसानों को बीज, खाद्य विभाग द्वारा 05 राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 05 आयुष्मान कार्ड तथा 06 केसीसी कार्ड वितरित किए गए। उद्यानिकी विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को पौधे प्रदान किए गए।

# छह वार्डों से मिले मांग व समस्याओं के 44 आवेदन

## सुशासन तिहार 2026 में नगर पालिका क्षेत्र में जनसमस्या निवारण शिविर

**कोण्डागांव।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा विकास नगर वार्ड क्रमांक–08 स्थित सामुदायिक भवन में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वार्ड क्रमांक 06 से 11 तक के छह वार्डों के नागरिकों के लिए विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में नगर पालिका परिषद, प्रधानमंत्री आवास योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा भारतीय डाक विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए। शिविर के दौरान कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 15 मांग संबंधी एवं 29 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल रहे। मांग संबंधी आवेदनों में राशन कार्ड से जुड़े एक आवेदन का मौके पर ही निराकरण करते हुए आवेदक को राशन कार्ड प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के तहत छह गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा एक बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। एसडीएम एवं संयुक्त संचालक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत एक हितग्राही को आवास की चाबी सौंपी गई। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर 50 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 39 बच्चों का बाल आधार नामांकन किया गया। दो हितग्राहियों ने आधार से मोबाइल नंबर अपडेट कराया, छह लोगों के आईपीपीबी खाते खोले गए तथा छह लोगों ने ग्रुप एक्सिडेंटल गार्ड पॉलिसी के लिए पंजीयन कराया।



### जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि श्रीमती सुमन शुक्ला, श्रीमती पदमिनी साहू, एसडीएम अजय कुमार उरांव, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रश्मि पोया, तहसीलदार मनोज रावटे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### बस्तर में सक्रिय महिला...

तथा उनमें डर का माहौल बना है। नक्सलियों के प्रति जनता का समर्थन लगातार कम हो रहा है। माओवादी विचारधारा पर विश्वास घटने और संगठन के सिद्धांतों से निराशा के कारण कई सदस्य संगठन छोड़ रहे हैं। उसने बताया कि छग समेत ओडिशा और आंध्र प्रदेश में लगातार हो रही मुठभेड़ों में कई वरिष्ठ माओवादी नेताओं के मारे जाने से संगठन कमजोर हुआ है। आंध्रप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही पुनर्वास योजनाओं, रोजगार के अवसर, विकास कार्य तथा आत्मसमर्पण करने वालों को मिलने वाली आर्थिक सहायता, जमीन, नौकरी और अन्य कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर उन्होंने मुख्यधारा में लौटने का फैसला लिया। एएसपी ने कहा कि वह सरकार की पुनर्वास और कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाकर सम्मानपूर्वक और शांतिपूर्ण जीवन जीएं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी पात्र सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएंगी तथा सरकारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कौशल विकास पर भी जोर दिया जाएगा। उन्होंने अन्य नक्सली सदस्यों से भी अपील की कि वे नजदीकी पुलिस स्टेशन में आत्मसमर्पण करें या अपने परिवार के माध्यम से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से संपर्क करें और सामान्य जीवन में लौटें। समर्पण के दौरान कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व येतापाका थाने की टीम मौजूद थी।

### अबूझमाड़ के तोके...

डेटोनेटर, ट्रिगर मैकेनिज्म, संचार उपकरण सहित नक्सलियों के उपयोग की अन्य सामग्री शामिल है। सुरक्षा बलों ने मौके से भारी मात्रा में आईईडी निर्माण सामग्री भी बरामद की है। अबूझमाड़ का तोके क्षेत्र लंबे समय तक नक्सलियों का सबसे सुरक्षित ठिकाना माना जाता रहा है। दुर्गम जंगल और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहां नक्सलियों की मजबूत पकड़ रही है। लेकिन लगातार स्थापित हो रहे सुरक्षा कैंपों और जवानों की सक्रिय कार्रवाई के चलते अब नक्सलियों के सुरक्षित माने जाने वाले इलाकों में भी सुरक्षा बलों की पहुंच बढ़ती जा रही है। सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। जवानों द्वारा पूरे इलाके में सर्चिंग अभियान लगातार जारी है।

### बधियाकरण से आवारा...

जो आवारा कुत्तों को सुरक्षित ढंग से पकड़ने, सेंटर तक पहुंचाने तथा उपचार उपरांत उन्हें वापस पकड़े गये स्थान पर छोड़ने का कार्य करेगी। अभियान के संचालन के लिए कंगोली डंपिंग यार्ड के समीप विशेष सेंटर तैयार किया गया है जहां कुत्तों की बधीयाकरण, उपचार एवं देखरेख की व्यवस्था की गई है। यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों, प्रशिक्षित कर्मचारियों तथा शहर में आवारा कुत्तों के उत्थान के लिए कार्य कर रहे एनिमल वेलफेयर सोसायटी (एनजीओ) की निगरानी में पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता से संपन्न होगी। बधियाकरणके बाद कुत्तों को कुछ दिनों तक निगरानी में रखा जाएगा और स्वास्थ्य सामान्य होने पर उन्हें पुनः उनके क्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अभियान पूरी तरह पशु संरक्षण एवं पशु कल्याण मानकों एवं सुरक्षा नियमों के अनुरूप संचालित किया जाएगा ताकि किसी भी पशु को अनावश्यक परेशानी न हो। इस दौरान एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, राणा घोष, कलावती कसेर, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, पशु विभाग से संयुक्त संचालक डॉ. डी के नेताम, डॉ. राजपूत, डॉ केके देव, राजपाल केसर, एनिमल वेलफेयर सोसायटी से लुप्तेश आदि उपस्थित रहे।

### बिना त्रिपाल के 63 वाहनों पर...

टैक्स के वाहन और सुरक्षा नियमों का उल्लंघन रोकना है। बेरियर की टीम ने सुबह-शाम चेकिंग अभियान चलाकर कागजात और परमिट की जांच की। जांच के दौरान तिरपाल के विरुद्ध 63 वाहनों से एक लाख 26 हजार रुपए राजस्व वसूला गया। साथ ही 19 वाहनों से फिटनेस पर 57 हजार रूपए, 67 वाहनों से प्रेशर हार्न हटाकर एक लाख 34 हजार रूपए एवं 63 वाहनों पर प्रदूषण प्रमाण नहीं मिलने से एक लाख 26 हजार जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा दो वाहनों से ई-चालान में 40 हजार, सीजी के 264 वाहनों से 3 लाख 13 हजार 900, यानकर टीपी के एक लाख 55 हजार 570 एवं यानकर पीएसवी पर 16 हजार 140 रूपए यानि 953 वाहनों से 24 लाख 23 हजार 609 रूपए समझौता शुल्क वसूल किया गया।

**उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई :** परिवहन विभाग के धनपूंजी स्थित चेक पोस्ट के प्रभारी एवं निरीक्षक जीवराखन लाल दीवान ने बताया कि वाहनों के विरूद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पनारापारा में दूसरे दिन...

दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची टीम ने शव को नदी से बाहर निकाला और पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना किया। कोतवाली थाना में पदस्थ एसआई अरूण मरकाम ने बताया कि शव के सबंधं में आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की गई लेकिन उकसी शिनाख्त नहीं हो पाया जिसके बाद शव को सुरक्षित रखने मेकाज भेजा गया है। शव की शिनाख्त के लिए आसपास के थाना व चौकियों में सूचना भेजी गई है और दर्ज गुमइसांन की जानकारी ली जा रही है। बताया जा रहा है कि शव लगभग 24 घंटे पुराना लगा रहा है। मृतक की उम्र 50 से 55 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

**बह के आने की सभांवना :** मौके पर पहुंची पुलिस शव के शिनाख्त का प्रयास कर रही है। वहीं यह कयास लगाया जा रहा है कि दो दिन पूर्व ओडिशा व बस्तर के अलग अलग इलाकों में हुई भारी बारिश से शव के बह के आने की संभावना है। शिनाख्त के लिए पड़ोसी राज्य ओडिशा की पुलिस से भी सम्पर्क कर फोटो भेजा गया है और उनसे भी जानकारी ली जा रही है। बहरहाल मर्ग कायम कर शव को सुरक्षित रखवाया गया है।

## खबर संक्षेप

### 10वीं बोर्ड परीक्षा में रीता ने लहराया परचम

**घाटलोहंगा।** बस्तर जिले के ग्राम पंचायत बड़े मारेंगा की छात्रा रीता बघेल ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 92.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रीता के पिता अनिल बघेल हैं, जिन्होंने अपनी बेटी की सफलता पर खुशी जताई। रीता वर्तमान में तोकापाल हाईस्कूल में अध्ययनरत हैं और उन्होंने इसी विद्यालय से 9वीं एवं 10वीं की पढ़ाई पूरी की है। रीता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पहली से आठवीं तक बड़े मारेंगा में प्राप्त की। मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के दम पर उन्होंने यह शानदार उपलब्धि हासिल की। रीता की सफलता से गांव और विद्यालय में खुशी का माहौल है। रीता ने बताया कि आगे भी वे इसी तरह मेहनत कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करना चाहती हैं।



### ग्रामीण की लंबित समस्याओं का किया निराकरण

**बीजापुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 7 मई को जिले की ग्राम पंचायतों में 'चावल महोत्सव' के साथ-साथ श्रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का व्यापक आयोजन किया गया। यह आयोजन राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी सुशासन तिहार के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित प्रमुख योजनाओं जैसे महात्मा गांधी नरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से जुड़ी सभी लंबित समस्याओं का निराकरण किया गया। इस अवसर पर मनरेगा कार्यस्थल पर ग्रामीण श्रमिकों एवं पीएम आवास के हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देने, उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान करने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को गति देने पर विशेष जोर दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सहित अन्य आवास योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत सभी आवासों के निर्माण को अधिकतम 90 दिनों में पूर्ण कराने हेतु हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया गया। पंचायत स्तर पर हितग्राहियों से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें आवंटित राशि की जानकारी दी गई। रोजगार दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत चल रहे सभी कार्यों की मई माह के भीतर सभी प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करने को कहा गया।

### नक्सलवाद उन्मूलन नीति पर 40 लाख स्वीकृत

**बीजापुर।** वामपंथी उग्रवाद प्रभावित हिंसा, सीमा पर से गोलीबरी तथा बारूदी सुरंग, आईईडी विस्फोटों में पीड़ित आम नागरिकों के परिवार की सहायता के लिए केन्द्रीय योजना से संबंधित संशोधित दिशा-निर्देशानुसार 24 अगस्त 2016 से पूर्व घटित घटनाओं के लिये 3 लाख रूपये तथा 24 अगस्त 2016 को अथवा इसके पश्चात हुई घटनाओं के लिये 5 लाख रूपये कुल 40 लाख रूपये सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### दुरधा में मुन्ने सैचुरेशन शिविर का निरीक्षण



**बीजापुर।** एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल एवं जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु साहू ने ग्राम दुरधा में आयोजित बस्तर मुन्ने सैचुरेशन शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। और शत-प्रतिशत सैचुरेशन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में उपस्थित कर्मचारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया। इस अवसर पर एसडीएम एवं सीईओ ने क्षेत्र के तेंदूपत्ता संग्राहकों से भी मुलाकात की। उन्होंने संग्राहकों से तेंदूपत्ता खरीदी की स्थिति एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। प्रशासन द्वारा ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों में लगातार शिविरों एवं निरीक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# विकास, विश्वास और बदलाव की पहचान बने कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- नम आंखों से बीजापुर के अधिकारी कर्मचारियों ने दी विदाई

कलेक्टर संबित मिश्रा को शुक्रवार को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भावुक नजर आए। बीजापुर जैसे माओवादी प्रभावित और चुनौतीपूर्ण जिले में उनका कार्यकाल प्रशासनिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण और यादगार माना जा रहा है।

बीजापुर जिले के अधिकांश सुदूर इलाकों तक कभी प्रशासन की पहुंच सीमित थी, लेकिन कलेक्टर संबित मिश्रा के कार्यकाल में विकास और विश्वास की नई पहल देखने को मिली। कठिन परिस्थितियों, सीमित संसाधनों और सुरक्षा चुनौतियों के बावजूद उन्होंने बेहतर समन्वय और संवेदनशील प्रशासनिक कार्यशैली के जरिए जिले को विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास किया।

विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव, उपनिदेशक इन्द्रावती टाइगर रिजर्व संदीप बलगा तथा अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कलेक्टर संबित मिश्रा के कार्यकाल को जिले के लिए प्रेरणादायक बताया। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने प्रशासनिक दायित्वों के साथ मानवीय संवेदनाओं को भी हमेशा प्राथमिकता दी। कार्यक्रम के दौरान कई अधिकारी भावुक दिखाई दिए और नम आंखों से उन्हें विदाई दी।



अपने संबोधन में कलेक्टर संबित मिश्रा ने बीजापुर में बिताए कार्यकाल को जीवन का स्वर्णिम समय बताया। उन्होंने जिले की उपलब्धियों का श्रेय जिला प्रशासन के सभी अधिकारी-कर्मचारियों, पुलिस विभाग तथा मैदानी अमले की टीम भावना और मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि बीजापुर में कार्य करते हुए उन्हें जनता का स्नेह और सहयोग हमेशा मिलता रहा, जो उनके लिए सबसे बड़ी पूंजी है। समारोह के दौरान मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके सरल व्यवहार, कार्य के प्रति समर्पण और विकासोन्मुख सोच को याद करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

बीजापुर ने अपने लोकप्रिय कलेक्टर को भावुक माहौल में विदाई दी। जहां हर आंख नम और हर शब्द सम्मान से भरा दिखाई दिया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी गण समस्त एसडीएम डिप्टी कलेक्टर तहसीलदार सीईओ जनपद पंचायत सहित जिला कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## मत्स्य पालकों के लिए सुशासन शिविर बना वरदान

# हितग्राहियों को मिले आधुनिक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कलस्टर वार हो रहे सुशासन शिविरों से जहां मौके पर ही ग्रामीणों की अधिकतर समस्याओं का समाधान किया जा रहा हैं। वही विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को आधुनिक तकनीकों से युक्त यंत्र उपकरण सामग्रियां निशुल्क वितरण की जा रही है। इससे हितग्राहियों में अच्छा खासा उत्साह देखा जा रहा है

- तकनीक से मत्स्य पालन की राह हुई आसान

और अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो रहे हैं। इस क्रम में विगत दिवस भूसारास और हल्बारास में संपन्न हुए सुशासन शिविर में मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालकों को उन्नत जाल और आईस बाक्स वितरण करके उनके व्यवसाय को सुविधाजनक और आर्थिक अनुकूलन बनाने का सफल प्रयास किया जा रहा हैं।



विकासखंड कटेकल्याण अंतर्गत ग्राम भूसारास में हितग्राही हिड़मा मण्डावी एवं महादेव मरकाम भी लाभान्वित ग्रामीणों में से एक है। इस संबंध में मत्स्य कृषक हिड़मा ने बताया कि वह विगत 10 वर्षों से अपने स्वयं की भूमि में 0.20 हे. का तालाब निर्माण कर भारतीय मेजर कार्प रोहू, कतला, मृगल का संचयन कर मछली पालन का कार्य कर रहा हैं। इनके द्वारा उसे प्रतिवर्ष 30 से 40 हजार रूपये मछली विक्रय कर आमदनी होती हैं। जैसा कि हिड़मा ने बताया कि पूर्व में इनके पास जाल उपलब्ध नहीं थे। जिसके फलस्वरूप किराये से जाल लाकर मत्स्याखेट करना पड़ता था। परन्तु राज्य शासन की योजनाओं के माध्यम से सुशासन तिहार 2026 में इन्हें मत्स्याखेट हेतु जाल प्रदाय किया गया जिससे मत्स्याखेट करने में कोई परेशानी नहीं होगी एवं किराये से जाल होने की स्थिति से बचकर वह बेहतर आय अर्जित करेगा। इसी प्रकार एक और अन्य हितग्राही महादेव मरकाम पिता हड़मा ग्राम भूसारास विख कटेकल्याण के मत्स्य कृषक को सुशासन तिहार 2026 में विभागीय फुटकर मछली विक्रय योजना अंतर्गत मछली विक्रय हेतु आइस बॉक्स प्रदाय किया गया है। चूंकि इसके पहले कृषक महादेव को अपने तालाब से निकाली गई मछली को तुंरत आस-पास के स्थानीय बाजारों में ले जाना पड़ता था। और मछली स्टोरेज करने हेतु आईस बाक्स न होने से मछलियों के खराब होने की स्थिति आ जाती थी। लेकिन अब महादेव खुश है क्योंकि सुशासन शिविर में आईस बाक्स प्रदान किया गया। वह अपने तालाब की मछली को निकालकर विक्रय हेतु बाजार ले जाने में कोई परेशानी नहीं होगी और मछली खराब होने की स्थिति से राहत मिलेगा। इसके अलावा ग्राम पंचायत हल्बारास विख कुआकोंडा में भी मत्स्य कृषक परमेश्वर राना पिता नवल राना एवं सुनील कुमार भोयर पिता सामनाथ भी मत्स्य सामग्रियों से लाभान्वित हुए। कृषक परमेश्वर राना द्वारा विगत 8 वर्षों से अपने स्वयं के भूमि में 0.50 हे. का तालाब निर्माण कर मछली पालन का कार्य किया जा रहा है जिससे उन्हें प्रतिवर्ष 60 से 70 हजार की आमदनी प्राप्त हो रही है। पूर्व में कृषक के पास मत्स्याखेट हेतु जाल उपलब्ध नही होने के कारण मछली पकड़ने में परेशानी हो रही थी। वर्तमान में कृषक को सरकार की मंशानुरूप आयोजित सुशासन तिहार 2026 में विभाग द्वारा मत्स्यासेट हेतु जाल प्रदाय किया गया जिससे कृषक को अब मछली पकड़ने में कोई परेशानी नही होगी। वही सुनिल कुमार के पास भी पूर्व में मछली विक्रय हेतु बाजार तक ले जाने का कोई साधन नहीं था जिससे मछली खराब होने की संभावना बनी रहती थी। परन्तु आईस बाक्स मिलने से जिससे कृषक को बाजार तक मछली ले जाने में दिक्कत नहीं होगा। इस प्रकार राज्य शासन की मंशानुरूप सुशासन शिविर ने हिड़मा मण्डावी, महादेव मरकाम, परमेश्वर राना, सुनील कुमार भोयर जैसे सैकड़ों हितग्राहियों की व्यवहारिक एवं आर्थिक दिक्कतों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दूर दराज के ग्रामीणों के घर तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनने समझने और इसके समाधान करने का यह अभिनव प्रयास सुशासन को सार्थक कर रहा हैं।

### भीषण गर्मी में प्रगणक कर रहे जनगणना कार्य



**भानपुरी।** बस्तर तहसील के ग्राम रेतावंड के क्षेत्र में जनगणना कार्य में लगे प्रगणक संजय पाण्डेय अपने समर्पण और मेहनत से एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। वनांचल में गणना क्षेत्र में कई स्थान ऐसे हैं जहां एक-एक मकान तक पहुंचने के लिए लगभग 2 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ता है। भीषण गर्मी और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद बिना रुके अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। जहां सड़क और परिवहन की सुविधा सीमित है, वहां वे पैदल चलकर हर घर तक पहुंच सुनिश्चित कर रहे हैं, ताकि कोई भी परिवार जनगणना से वंचित न रहे। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाने में उनका यह प्रयास सराहनीय है। स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों द्वारा भी उनके कार्य की प्रशंसा की जा रही है। उनका यह जज्बा न केवल अन्य प्रगणकों के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह दर्शाता है कि कर्तव्य के प्रति समर्पण ही सच्ची सेवा है।

# सुदूर उसूर क्षेत्र पहुंचे कलेक्टर-एसपी

## बुनियादी सुविधाओं और निर्माण कार्यों का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने उसूर ब्लॉक के सुदूर क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विकास एवं बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। 6

- निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

मई को आयोजित भ्रमण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न गांवों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दौरे के दौरान ग्राम छुटवाही में संचालित बस्तर मुन्ने सैचुरेशन शिविर का निरीक्षण कर गतिविधियों की जानकारी ली गई। सर्वे के दौरान शत-प्रतिशत सैचुरेशन के आवश्यक निर्देश दिए।

इसके पश्चात ग्राम कोंडापल्ली में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उपस्थित एसडीएम भूपेन्द्र गावरे को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। प्रशासन द्वारा सुदूर एवं संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पहुंच बनाकर विकास कार्यों की निगरानी एवं आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

# पीड़िया क्षेत्र में स्वास्थ्य टीम ने घर-घर पहुंचकर की 476 लोगों की स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर विकासखंड के सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्र पीड़िया के आश्रित ग्राम पीड़िया, अंडरी एवं तामोड़ी में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वस्थ बस्तर अभियान के अंतर्गत यूनिवर्सल हेल्थ स्क्रीनिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान स्वास्थ्य टीम ने क्षेत्र में रात्रि विश्राम कर ग्रामीणों के घर-घर पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्क्रीनिंग कार्य किया। अभियान के तहत टीबी, मलेरिया, फाइलेरिया, कुष्ठ रोग एवं एनसीडी जैसी बीमारियों की प्रारंभिक पहचान कर आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता, पोषण तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति भी जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किए गए स्क्रीनिंग कार्य में- ग्राम पीड़िया में 476 व्यक्तियों की जांच की गई। ग्राम अंडरी में 494 व्यक्तियों की जांच की गई। ग्राम तामोड़ी में 281 व्यक्तियों की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में लगातार स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि प्रत्येक नागरिक को समय पर उपचार एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।



### इन्द्रावती पार सुदूर अंचलों में जनगणना कार्य जारी

**बीजापुर।** जिले के इन्द्रावती नदी पार स्थित सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्रों में भी जनगणना कार्य पूरी तन्मयता और जिम्मेदारी के साथ किया जा रहा है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद जनगणना दल लगातार गांव-गांव पहुंचकर घर-घर सर्वे कार्य में जुटे हुए हैं। जनगणना कार्य में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचकर प्रत्येक परिवार की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं, ताकि शासन की योजनाओं एवं विकास कार्यों के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें। नदी पार के ग्रामीण इलाकों में पहुंचने के लिए टीमों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, फिर भी कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है तथा मैदानी अमले को आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

# 40 वर-वधू परिणय बंधन में बंधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मददेड

बीजापुर जिले के विकासखंड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मददेड में मुख्यमंत्री कन्यान्तर्गत सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सामूहिक विवाह बाजे गाजे के साथ सम्पन्न हुआ। इस सामूहिक विवाह में 40 वरवधू जिनमें ईसाई धर्म के 4 जोड़े, आदिवासी समाज समुदाय के 11 जोड़े और 25 जोड़े हिंदू धर्म से सभी जाति के वरवधू थे।

श्रीराम कल्याणम मंडपम परिसर में बड़े धूमधाम से सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुल्लैया ने प्रत्येक वरवधू जोड़े को 35000 रूपये का

- राम कल्याणम मंडपम परिसर में हुआ मुख्यमंत्री कन्यान्तर्गत सामूहिक विवाह

चेक आशीर्वाद के तौर पर गिफ्ट स्वरूप सरकार द्वारा दिया गया और जिला पंचायत सदस्य सरिता कुडेम के द्वारा शादी का सर्टीफिकेट प्रदान किया गया।



आदिवासी समाज समुदाय के अध्यक्ष अशोक तलांडी के द्वारा सभी वरवधू के जोड़े और सभी सामान्य लोगों को शपथ दिलाई कि समाज मे शादी का सही समय लड़की की उम्र 18 वर्ष और लड़के की उम्र 21 वर्ष सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है। अगर कोई व्यक्ति इस कानून का उलंघन करता है तो उसके माता पिता को जेल हो जायेगी। हम सभी धर्मों के लोग आज शपथ लेते है कि हम कभी कम उम्र में ना शादी करेंगे ना ही करने देंगे। सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्यान्तर्गत सामूहिक विवाह योजना के परियोजना अधिकारी कल्पना रथ एव महिला बाल विकास अधिकारी बिस्मिता पाटले के संरक्षण में यह सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ।

मुख्यमंत्री कन्यान्तर्गत सामूहिक विवाह योजना में ग्राम पंचायत सरपंच शारदा सान्ड्रा और उप सरपंच श्याम चित्तापुरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुल्लैया, जिला पंचायत सदस्य सरिता कुडेम, जनपद पंचायत से राहुल कौशिक और आंगनबाड़ी सहायिका शान्ता मरकाम और सुपरवाइजर सावित्री मिरी, उजाला बंजारे, प्रीति मानिक पुरी, सुनीता जगत सरिता चेताल, पदमाश्री गोरला, सरिता मोरला, अनिता चेताल, कुसमा मरकेला, शारदा दुबे और चंद्रकला उद्दे की मेहनत और लगन से मुख्यमंत्री कन्यान्तर्गत सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में मददेड थाना प्रभारी डोंगरे पाल पात्रे और सहायक भगत सिंह नेताम और उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा।

# शिविर में हजारों ग्रामीणों की रही सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रशासन को जन-जन तक सुलभ बनाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का शुभारंभ ग्राम पंचायत ईटपाल से उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। आयोजन में आसपास की पंचायतों कांदुलनार, चिन्नाकवाली, संतोषपुर, मनकेली, कड़ेनार, पदेड़ा, पेद्दाकोरमा, धनोरा, बोरजे, मोरमेड़ और तोयनार के हजारों ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी मांगों और समस्याओं से संबंधित 120 से अधिक आवेदन प्रस्तुत किए जिनके त्वरित निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जनप्रतिनिधियों ने किया योजनाओं का प्रचार-प्रसार-



कार्यक्रम में पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, जिला पंचायत सदस्य मैथियस कुजूर एवं वरिष्ठ नागरिक घासीराम नाग सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं। शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी विकास, वन, कृषि, मत्स्य, उद्यानिकी, पशुधन, विद्युत, उद्योग एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी विभागों ने अपने-अपने योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में दी तथा पाम्प्लेट और ब्रोशर वितरित किए। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत तत्काल लाभ प्रदान किया गया। राजस्व विभाग द्वारा जाति प्रमाण पत्र एवं ऋण पुस्तिका वितरण, प्रधानमंत्री आवास अन्तर्गत नए आवासों की चाबी वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क जांच, दवा एवं आयुष्मान कार्ड वितरण, टीबी मरीजों को फूड बॉक्स, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन एवं गर्भवती माताओं की गोद भराई, कृषि विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य विभाग द्वारा जाल एवं आइस बॉक्स वितरण, इसके अलाव,ए खाद्य विभाग द्वारा बस्तर मुन्ने सैचुरेशन शिविर में बनाए गए राशन कार्डों का भी वितरण किया गया।

### तर्रेम गांव में बैंक ऑफ बड़ौदा की खुली शाखा

**बीजापुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के तर्रेम गांव में अपनी 60वीं शाखा का उद्घाटन किया, जो दूरस्थ और कम सुविधा प्राप्त क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नई शाखा से



उन निवासियों को लाभ होगा जिनकी औपचारिक बैंकिंग सुविधाओं तक पहले सीमित या कोई पहुंच नहीं थी। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वर्चुअल माध्यम से शाखा का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव, एसडीएम उसूर भूपेंद्र कुमार गावरे, उप महाप्रबंधक सीए डॉ. रमेश कुमार मोहंती और धमतरी क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक बनंबर बेहरा सहित जिला जनपद एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण अधिकारी-कर्मचारी एवं बैंक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय प्रबंधक बनंबर बेहरा के स्वागत भाषण से हुआ जिन्होंने सुदूरतम क्षेत्रों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए सरकारी पहलों का समर्थन करने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### :: आम-सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-दंतेवाड़ा द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत गीदम में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-87 जो कि श्री अतीक अहमद पिता- श्री निसार अहमद को मंडल द्वारा आबंटित किया गया है। उक्त भवन में कविता नागेश पिता- श्री देवचंद नागेश जोड़ने हेतु आवेदन प्रस्तुत हुआ है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था को संयुक्त नाम जोड़ने के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति प्राप्त होने पर मान्य नहीं होगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल**
**प्रक्षेत्र-दंतेवाड़ा**

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत आज

जगदलपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार शहर में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष गोविन्द नारायण जांगड़े के मार्गदर्शन में 9 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, व्यवहार वाद के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दांवा के प्रकरण, धारा 138 निई एक्ट के प्रकरण, पारिवारिक विवाद के प्रकरण, राजस्व प्रकरण, श्रम विवाद एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरण के साथ-साथ बैंक, बीएसएनएल, विद्युत, जलकर, सम्पत्ति कर से संबंधित राशि वसूली के विवाद पूर्व प्रकरण (प्री-लिटिगेशन) का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए न्यायाधीशगण की 12 खण्डपीठ, परिवार न्यायालय की एक खण्डपीठ सहित 13 खण्डपीठों तथा बस्तर जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों के 20 खण्डपीठों का गठन किया गया है।

### अधिकारी का नेतृत्व प.बंगाल में मील का पत्थर साबित होगा

जगदलपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने सुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल विधानसभा में भाजपा विधायक दल



का सर्वसम्मति से नेता चुने जाने पर शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। अधिकारी का नेतृत्व पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जन-आकांक्षाओं को स्वर देने में मील का पत्थर साबित होगा। उनके कुशल मार्गदर्शन में बंगाल भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अखण्ड भारत के स्वप्नद्रष्टा अमर बलिदानी डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के सपनों के 'सोनार बांग्ला' के संकल्प को सिद्ध करने के लिए नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा। देव ने कामना की कि भाजपा शासनकाल बंगाल में भयमुक्त वातावरण का सृजन करके राज्य को नवनिर्माण की ओर अग्रसर करेगा। बंगाल की जनता जिस सुशासन और सर्वतोमुखी विकास की प्रतीक्षा कर रही है, उसे धरातल पर उतारने में अधिकारी के नेतृत्व में गठित होने वाली प्रदेश सरकार की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण रहेगी।

### मां ठाकुरानी मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए कुमार जयदेव

# लोगों ने जो सम्मान और स्नेह दिया उन्हें शब्दों मे पिरोना असंभव : जयदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सैकड़ो ग्रामीणों की उपस्थिति में भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन

छत्तीसगढ़ और ओडिशा के सीमावर्ती क्षेत्र आंकुला ग्राम गिरला पंचायत कोटपाड़ में नवनिर्मित माता के मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव एवं कुमार विजित देव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम पर मंदिर समिति के सदस्य तपन पानीग्राही ने बताया की चार दिनों तक प्राण प्रत्तिष्ठा कार्यक्रम पूरे विधिविधान से सैकड़ो ग्रामीणों की सहभागिता से आज संपन्न हुआ।

इससे पूर्व सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में खुले वाहन में कुमार जयदेव एवं कुमार विजय देव का ग्राम भ्रमण कराया गया। जहां ग्रामीणों ने अपने अपने घरों के सामने आकर्षक रंगोली सजाकर फूलों से उनका स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर विधायक रूपु भतरा पूर्व विधायक पद्मिनी ध्यान एव चंद्रशेखर मांझी सहित गीता मांझी तपन पाणिग्रही एवं वृंदावन मथुरा, चंद्रमणि गोंडा, राजू रंधारी सहित अनेक ग्रामवासी एवं सुकमा, दंतेवाड़ा मंदिर के सेवादार पुजारी सहित बस्तर धाकड़ क्षत्रीय राजपूत समाज के बड़ी संख्या मे महिलाएं पुरुष उपस्थित थे।



कुमार जयदेव ने कहा नव निर्मित माता के प्राण प्रतिष्ठा शुभारंभ अवसर पर पूजा अर्चना का सौभाग्य प्राप्त हुआ, लोगों ने जो सम्मान और स्नेह दिया उन्हें शब्दों मे पिरोना असंभव है। उन्होंने कहा मंदिर समिति हेतु यथासंभव सहयोग के लिए सदैव उपलब्ध रहेंगे।

विधायक रूपु भतरा ने प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव एव विजित देव सहित उपस्थित समस्त जनों का स्वागत करते हुए कहा हम सब ठाकुरानी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी और सहभागी बने हम सभी धन्य के भागीदार बने इससे और बढ़कर कुछ नही हो सकता। माता रानी की कृपा से सभी का कल्याण होगा ।

#### मंदिर के प्रति अटूट विश्वास

मंदिर समिति के राजू रंधारी ने मंदिर के संबंध में रोचक जानकारी देते हुए बताया कि 1950 -55 के दशक में राजस्व के एक आल्हा अधिकारी को चेचक के धब्बे निकल पड़े थे । जिस पर वहां मंदिर के समक्ष उन्होंने माता को स्मरण करते हुए रोग के निदान की प्रार्थना पर दूसरे दिन पूरे शरीर से चकते के निशान गायब हो गये थे। तो उन्होंने गांव की 14 एकड़ भूमि मंदिर के नाम दर्ज कर दिया था। जो आज वर्तमान मे भी है। जिनका उपयोग मंदिर के सदस्य करते है।

## जनगणना व परिसीमन के नाम पर महिलाओं के हक को रोकना अनुचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शुक्रवार बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश व प्रदेश में घरेलू, कमर्शियल गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दामों की वृद्धि के विरोध में और 543 सीटों पर महिला आरक्षण बिल को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर दलपत सागर समुंद चौक में विरोध प्रदर्शन किया। महिला आरक्षण बिल को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग को लेकर कहा कि महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार देने में देरी करना उनके साथ अन्याय है। जनगणना और परिसीमन के नाम पर महिलाओं के हक को रोकना अनुचित है। वहीं आम नागरिक बढ़ती महंगाई की मार झेलने को मजबूर हैं।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष रामशंकर राव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, यूंका अध्यक्ष निकेत राज झा, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेंद्र पटवा, महामंत्री अभिषेक नायडू, विजय सिंह, जाहिद हुसैन, अल्ताफ उल्ला खान, सुषमा सुता, प्रशांत जैन, अनुराग महतो, नीतीश शर्मा, कोषाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव, मंडल अध्यक्ष गौतम पाणिग्रही, अमरनाथ सिंह, ललिता राव, सेक्टर अध्यक्ष आशीष बघेल आदि शामिल रहे।

# दमदार प्रदर्शन कर 9 गोल्ड के साथ 60 मेडल जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कयाकिंग एण्ड कैनोइंग स्पर्धा में बस्तर के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

रायपुर के बूढ़ा तालाब में राज्य स्तरीय कयाकिंग एंड कैनोइंग प्रतियोगिता में बस्तर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में दमदार प्रदर्शन करते हुए कुल 60 पदक अपने नाम किए।

प्रतियोगिता में बस्तर के खिलाड़ियों ने 9 स्वर्ण, 16 रजत एवं 35 कांस्य पदक हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया।

प्रतियोगिता में कोच अशोक साहू एवं प्रभारी कोटेश्वर राव नायडू की शानदार जोड़ी के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए बस्तर के नाम 60 पदक दर्ज किए। विधायक किरण देव ने बधाई देते हुए कहा कि बस्तर के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से पूरे जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। महापौर संजय पांडे ने कहा कि बस्तर के युवा लगातार खेलों में नई उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि यह उपलब्धि बस्तर के खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास की पहचान है।





गौरतलब है कि कयाकिंग एंड कैनोइंग स्पर्धा रायपुर में बूढ़ा तालाब और जगदलपुर में इंद्रावती नदी पुराना पुल में खेला जाता है। विजयी खिलाड़ी ग्राम आसना में अध्ययनरत है।

#### इन्होंने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

कयाकिंग एण्ड कैनोइंग स्पर्धा में शामिल बस्तर के खिलाड़ियों में सोनम पुजारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए के वन 200 मीटर में स्वर्ण पदक, के वन 1000 मीटर व के वन 500 मीटर में रजत पदक तथा मिक्स के टू 200 मीटर में स्वर्ण पदक जीता। वहीं सतेदव बघेल ने के फोर 1000 मीटर व मिक्स के टू 200 मीटर में स्वर्ण पदक, के वन 500 मीटर में रजत एवं कांस्य पदक हासिल किए। इसके अलावा स्पर्धा में शामिल शिव पुजारी ने एक रजत और दो कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं स्पर्धा में शामिल मालती, ईशा, अंजना, रोशनी, मुस्कान, सुमनी, अमित, अनुज और बली ने भी पदक जीतकर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया।

### बस्तर की फायर सेफ्टी व्यवस्था बदहाल

जगदलपुर। बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने बस्तर जिले में लगातार बढ़ती आगजनी की घटनाओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही करने की मांग की जाएगी। संयुक्त बयान जारी करते हुए बस्तर जिला प्रवक्ता अलका नादान, जिला युवा विंग अध्यक्ष हिमांशु आनंद, महिला मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष प्रिया यादव एवं चित्रकूट विधानसभा अध्यक्ष कमल बघेल ने कहा कि जगदलपुर शहर तेजी से शहरी विस्तार एवं व्यावसायिक विकास की ओर बढ़ रहा है, लेकिन फायर सेफ्टी व्यवस्था आज भी अत्यंत कमजोर, संसाधन विहीन एवं पुराने ढांचे पर आधारित है। प्रतिवर्ष सैकड़ों आगजनी की घटनाएं सामने आती हैं, परंतु जिले में स्थायी एवं प्रशिक्षित फायरमैनों की भारी कमी, आधुनिक फायर टेंडर एवं उपकरणों का अभाव, संकरी गलियों के लिए मिनी फायर यूनिट की अनुपलब्धता है।








नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740